# इलेक्ट्रिक वाहन के क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करेगा इन्वेस्ट यूपी

## निवेश के लिए जापान की कंपनियों के साथ चल रही बात

राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ : इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के लिए इन्वेस्ट यूपी ने विशेष रणनीति तैयार की है। इन्वेस्ट यूपी की आटोमोबाइल व ईवी डेस्क बेंगलूरु में स्थापित होने वाले सेटेलाइट कार्यालय के माध्यम से निवेशकों को आकर्षित करेंगी। इन्वेस्ट यूपी की कोशिश है कि अगले दो वर्षों में राज्य में ईवी के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा निवेश आए, जिससे राज्य में ही निर्मित होने वाले ईवी पर पंजीकरण व रोड टैक्स में छूट प्रदान की जाए।

राज्य सरकार ने वर्ष 2025 तक राज्य में ईवी के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा निवेश को लेकर उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति-2022 लागू की थी। इसके तहत पिछली 13 अक्टूबर

- निवेशकों से संपर्क साध रही हैं आटोमोबाइल व ईवी डेस्क
- अगले दो वर्षों में ईवी के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा निवेश का लक्ष्य

तक ईवी पर पंजीकरण व रोड टैक्स में सौ प्रतिशत छूट देने की घोषणा की गई थी। यह तिथि समाप्त होने के बाद औद्योगिक विकास विभाग के प्रस्ताव के अनुसार सरकार ने इस सुविधा को अगले दो वर्षों तक बढ़ा दिया है। इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। साथ ही इन्वेस्ट यूपी को अगले दो वर्षों में राज्य में ईवी के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा निवेश का लक्ष्य दिया गया है।

अभी तक राज्य में केवल हिंदुजा समूह ने ही ई-बसों के निर्माण के लिए लखनऊ में निवेश किया है। दिसंबर से पहले अशोक लेलैंड के इस संयंत्र को चालू करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके चालू होने के बाद राज्य में ईवी के क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं और बढ़ेंगी। इसी के मद्देनजर इन्वेस्ट यूपी ने जापान सहित कई देशों में ईवी का निर्माण करने वाली कंपनियों के साथ निवेश को लेकर बातचीत की है। वहीं आटोमोइल व ईवी डेस्क भी निवेशकों से राज्य में निवेश के संपर्क साध रही है।